कृषि अनुसंधान केन्द्र

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, जयपुर)

नौगावां, अलवर–301025 (राजस्थान)

ई-मेल : zdr.navgaon@sknau.ac.in

दूरभाष : 01468-296600

मोबाइल : 9413231557

डॉ. गोपाल लाल चौधरी
क्षेत्रीय निदेशक (अनुसंधान)

क्रमांकः एफ.(प्रक्षेत्र भंडार)/कृ.अनु.के.नौगावां/2024–25/**102** दिनांकः **15.06.2024**

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि अनुसंधान केन्द्र, नौगावां के प्रक्षेत्र की बाउन्ड्री पर खडे सफेदा के छोटे–बडे लगभग 103 पेडों (लगभग 260 तने) की **"जहाँ है जैसा है के आधार पर"** बिक्री हेतु खुली बोली द्वारा नीलामी दिनांक 27.06.2024 दोपहर 12.00 बजे केन्द्र के कार्यालय में की जावेगी। इच्छुक बोलीदाता कार्यालय समय में प्रक्षेत्र बाउन्ड्री पर खडे सफेदा के पेडों का निरीक्षण कर सकते हैं। बोली लगाने हेतु रूपये 10,000/– अंकेन (दस हजार रूपये मात्र) धरोहर राशि नगद या बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करानी होगी। ड्राफ्ट श्रीमान क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, नौगावां के पक्ष में देना होगा। नीलामी की अन्य शर्ते कार्यालय समय मे केन्द्र कार्यालय में देखी जा सकती है।

नियम व शर्तेः–

1. बोली लगाने का हकदार वही व्यक्ति होगा जो कि धरोहर राशि जमा करायेगा।
2. अन्तिम बोली दाता को कमेटी द्वारा छोडी गई अन्तिम रकम की तीन–चौथाई रकम उसी दिन सांय 5:00 बजे तक जमा करानी होगी। शेष राशि तीन दिवस में जमा कराके पेड़ो की कटाई का कार्य शुरू करना होगा।
3. नीलामी के बाद पेडों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं खरीददार की होगी।
4. सफेदे के पेडों की जड़ सहित कटाई का कार्य खरीफ 2024 की फसल बुवाई से पूर्व आवश्यक रूप से अपने श्रमिकों के द्वारा व स्वयं के खर्चे पर करना होगा।
5. अन्तिम बोली को स्वीकार करना या नही करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. श्रीमान निदेशक अनुसंधान, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को प्रेषित कर निवेदन है कि नीलामी के दिन अपना प्रतिनिधि भेजने का श्रम करें।
2. श्रीमान वित्त नियंत्रक महोदय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को प्रेषित कर निवेदन है कि नीलामी के दिन अपना प्रतिनिधि भेजने का श्रम करें।
3. श्रीमान प्रभारी सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को भेजकर अनुरोध है कि उक्त नीलामी सूचना को विश्वविद्यालय पोर्टल www.sknau.ac.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित करने का श्रम करावें।
4. श्रीमान संपादक, राजस्थान पत्रिका/दैनिक भास्कर को भेजकर लेख है कि उक्त नीलामी सूचना को राजस्थान सरकार के नियमानुसार क्षेत्रीय परिशिष्ट में प्रकाशित करावें।
5. समस्त समिति सदस्य .... कृषि अनुसंधान केन्द्र, नौगावां, अलवर।
6. नोटिस बोर्ड पंचायत समिति/तहसील कार्यालय/ग्राम पंचायत नौगावां, बीजवा एवं मोहम्मदपुर।
7. रखित पत्रावली।

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान